# पंचदश

# बिहार विधान-सभा

## षष्ठम् सत्र

## तारांकित प्रश्न

वर्ग-5

12 श्रावण, 1934 (श०)
शुक्रवार, तिथि ——————————
03 अगस्त, 2012 (ई०)

प्रश्नों की कुल संख्या—132

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) ऊर्जा विभाग | .. | .. | 62 |
| (2) स्वास्थ्य विभाग | .. | .. | 61 |
| (3) पर्यटन विभाग | .. | .. | 04 |
| (4) योजना एवं विकास विभाग | .. | .. | 02 |
| (5) आपदा प्रबंधन विभाग | .. | .. | 03 |
| | | कुल योग | 132 |

निर्माण करना

*1. श्री मोती लाल प्रसाद – क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के रीगा प्रखण्ड में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बनाने हेतु दो वर्ष पूर्व जमीन उपलब्ध कराई गई थी;

(2) क्या यह बात सही है कि अभीतक वहाँ केवल एक डायग्नोस्टिक सेंटर का ही निर्माण किया गया है तथा शेष कार्य यथा घेराबन्दी, चिकित्सा भवन, चिकित्सक एवं गैर-चिकित्सक कर्मचारी आवास और अन्य सारे निर्माण होना बाकी है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस अस्पताल का पूर्ण निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

समस्याओं का समाधान

*2. श्री रामचन्द्र सहनी––क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि जिला पूर्वी चम्पारण अन्तर्गत प्रखण्ड रामगढ़वा में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, रामगढ़वा में एक भी महिला चिकित्सक पदस्थापित नहीं हैं, जिस कारण प्रसव हेतु महिलाओं को अन्यत्र जाना पड़ता है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रा० स्वा० केन्द्र में मरीजों के जाँच हेतु कोई उपकरण मौजूद नहीं है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रा० स्वा० केन्द्र में वर्णित समस्याओं का समाधान करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

स्वा० केन्द्र की घेराबन्दी

*3. श्री ज्ञानचन्द्र माँझी – क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत गड़खा प्रखण्ड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, गड़खा में चहारदीवारी नहीं है, जिसके कारण रोगियों एवं चिकित्सकों को कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र की घेराबन्दी करवाने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

विद्युतीकरण करना

*4. श्री रामदेव महतो – क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत मधुबनी नगर परिषद् के वार्ड नं० 1 के तुरहा टोला में बांस बल्ला गाड़कर 65 (पैंसठ) लोगों को विभाग द्वारा कनेक्शन दिया गया है, जो खतरनाक है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त स्थानों पर पोल लगाकर विद्युतीकरण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

योजना में शामिल करना

*5. श्रीमती मुन्नी देवी – क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत प्रखण्ड शाहपुर के ग्राम रमदतही एवं कंवटियां (चंदा) को अभीतक राजीव गाँधी विद्युतीकरण योजना में भी शामिल नहीं किया गया है, यदि हां, तो इसका क्या औचित्य है ?

चिकित्सक का पदस्थापन

*6. श्री शिवजी राय-- क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिले के फेनहारा प्रखण्ड के प्राथमिक स्वा0 केन्द्र, फेनहारा में एवं मधुबन प्रखण्ड के उप-स्वा0 केन्द्र, गड़हियाँ में विगत तीन वर्षों से डॉक्टर पदस्थापित नहीं रहने के कारण मरीजों के इलाज में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हां, तो उक्त अस्पतालों में चिकित्सक पदस्थापित करने हेतु सरकार की क्या कार्य योजना है ?

राहत सामग्री मुहैया कराना

*7. श्री विनोद नारायण झा--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार ने मधुबनी जिला के बेनीपट्टी अनुमण्डल में वर्ष 2011-12 में बाढ़ से प्रभावित 2 लाख 10 हजार परिवारों को चिन्हित किया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सभी प्रभावित परिवारों को बाढ़ राहत के रूप में 225 रुपये नगद एवं 01 क्विंटल अनाज देने का प्रावधान किया है;

(3) क्या यह बात सही है कि अभीतक 1 लाख 25 हजार परिवारों को राहत सामग्री मिल चुका है जबकि बाकी 85 हजार परिवारों को अभीतक वंचित रखा गया है;

(4) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार खण्ड (1) में वर्णित अनुमंडल के बचे 85 हजार परिवारों को कबतक बाढ़ राहत सामग्री मुहैया कराने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

विद्युतीकरण करना

*8. श्री रामधनी सिंह-- क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के करगहर प्रखण्ड के बड़की अकोढ़ी चन्द्रभान पट्टी ग्राम का विद्युतीकरण नहीं हुआ है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त ग्राम का विद्युतीकरण करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

व्यवस्था करना

*9. डॉ0 दाऊद अली-- क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिलान्तर्गत डुमरांव अनुमण्डलीय अस्पताल में प्रावधान के बावजूद आई0सी0यू0 की व्यवस्था नहीं रहने के कारण गरीब मरीजों को निजी क्लिनीक का सहारा लेना पड़ता है;

(2) यदि उपरोक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त अनुमंडलीय अस्पताल में आई0सी0यू0 की व्यवस्था शीघ्र करने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पोल एवं तार बदलना

*10. श्री भाई विरेन्द्र--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत मनेर प्रखंड स्थित पतीला गाँव में वर्ष 2008-09 में ट्रांसफॉर्मर स्थापित कराकर वर्ष 2010 में चालू कराया गया है परन्तु पोल एवं तार के अभाव में विद्युतापूर्ति बाधित है, यदि हां, तो इसका क्या औचित्य है ?

---------

स्वास्थ्य उप-केन्द्र का उन्नयन

*11. श्री श्यामदेव पासवान--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के टनकुप्पा प्रखंड अन्तर्गत ग्राम चोमार में अवस्थित स्वास्थ्य उप-केन्द्र के 10 कि०मी० के परिधि में कोई अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र नहीं है, यदि हां, तो इस स्वास्थ्य उप-केन्द्र के उन्नयन हेतु सरकार की क्या कार्य योजना है ?

---------

चिकित्सक का पदस्थापन

*12. श्री जय कुमार सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के दिनारा प्रखंड अन्तर्गत नटवारा स्वास्थ्य केन्द्र में महिला चिकित्सक नहीं है तथा पद सृजित रहने के बावजूद भी चिकित्सकों की कमी है;

(2) क्या यह बात सही है कि चिकित्सकों के अभाव में मरीजों को कष्ट का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में महिला चिकित्सक सहित सृजित पद पर चिकित्सक के पदस्थापन का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पोल एवं तार को बदलना

*13. श्री रामसेवक हजारी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिले के कल्याणपुर प्रखंड के मालीनगर पंचायत, हजपुरवां पं०, चितवरिया पं०, सैदपुर पं०, सोरमार पं०, मधुरापुर, तीरा इत्यादि पंचायतों में 1960-70 दशक के बीच में विद्युतीकृत गाँवों में लगे काठ के पोल, लोहे के पोल एवं तार जर्जर अवस्था में हो चुके हैं;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार चरणबद्ध ढंग से उक्त गाँवों के पोल एवं तार को बदलवाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पदस्थापित करना

*14. श्रीमती उषा सिन्हा--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालंदा जिला के हिलसा अनुमंडलीय अस्पताल में ओ०टी० असिस्टेन्ट एवं ड्रेसर का एक-एक पद स्वीकृत है;

(2) क्या यह बात सही है कि अस्पताल में ओ०टी० असिस्टेन्ट एवं ड्रेसर का पद विगत दो वर्षों से रिक्त है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार हिलसा अनुमंडल अस्पताल में ड्रेसर एवं ओ०टी० असिस्टेन्ट का पदस्थापन करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

जर्जर तार बदलना

*15. श्री कुमार शैलेन्द्र--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के नारायणपुर बाजार, बिहपुर बाजार, झंडापुर बाजार, खरीक बाजार का तार जर्जर होने के वजह से दुर्घटना होते रहती है, यदि हां, तो इसे बदलने हेतु सरकार की क्या कार्य योजना है ?

---------

स्वा० उप-केन्द्र खोलना

*16. श्री उमाकान्त यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बाबूबरही प्रखंड स्थित रहिमपुर ग्राम में स्वास्थ्य उप-केन्द्र नहीं, है, यदि हां, तो क्या सरकार प्रावधान के आलोक में उक्त गाँव में स्वास्थ्य उप-केन्द्र खोलने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

---------

निर्माण कराना

*17. श्री राम लषण राम ''रमण''--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत राजनगर प्रखंड के पटवारा एवं अंधराठाढ़ी प्रखंड के गंगद्वार अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का अपना भवन नहीं है, यदि हां, तो सरकार कबतक उक्त प्रा० स्वा० केन्द्रों के भवन का निर्माण कराना चाहती है ?

---------

निर्माण कराना

*18. श्री राम सुरत राय--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के औराई विधान-सभा क्षेत्र के कटरा प्रखंड अन्तर्गत अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, जजुआर का भवन ध्वस्त होने से विगत 5 वर्षों से भवनहीन है, यदि हां, तो क्या सरकार स्वास्थ्य केन्द्र का भवन निर्माण कराना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

मशीनों की आपूर्ति

* 19. श्रीमती उषा सिन्हा—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिले के हिलसा अनुमंडलीय अस्पताल में अल्ट्रासांउड मशीन एवं ऑटो–एनालाइजर मशीन का अभाव है;

(2) क्या यह बात सही है कि अल्ट्रासाउण्ड मशील एवं ऑटोएनालाइजर मशीन के अभाव में गर्भवती महिलाओं एवं अन्य रोगियों की प्री मॉनिटरिंग एवं पैथोलॉजिकल जाँच मे कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार हिलसा अनुमंडलीय अस्पताल में उपर्युक्त आवश्यक मशीनों की आपूर्ति करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

स्थापित करना

* 20. श्री उमा कान्त यादव—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत वर्ष 1998 मे अवर प्रमंडल विद्युत् आपूर्ति कार्यालय, बाबूबरही मे स्थापित था;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2003 में उक्त विद्युत् आपूर्ति अवर प्रमंडल कार्यालय को जयनगर मे स्थानांतरित कर बाबूबरही प्रखंड को जयनगर एवं राजनगर प्रखंड को मधुबनी विद्युत आपूर्ति कार्यालय में सम्मिलित किया गया है;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त कार्यालय को जयनगर मे स्थानांतरित करने के पश्चात् आम जनता को 32 कि0मी0 दूरी तय कर जयनगर विद्युत कार्यालय आने से विद्युत् विपत्र एवं विद्युत कनेक्शन लेने में काफी कठिनाई होती है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार आम जनता की कठिनाई को देखते हुए बाबूबरही में विद्युत आपूर्ति कार्यालय को स्थापित करना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्युत् आपूर्ति करना

* 21. श्री रामेश्वर प्रसाद—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के अथमलगोला प्रखंड अंतर्गत कल्याणपुर गांव में टूटे हुए पोल एवं बीच–बीच में बॉस के खंभे के सहारे तथा जर्जर तार के द्वारा विद्युत् आपूर्ति की जाती है, जिससे प्रायः विद्युत् आपूर्ति बाधित रहने से कृषि कार्य में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ता है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गांव में नया पोल एवं तार लगाकर सुचारू रूप से विद्युत् आपूर्ति करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्युत उपलब्ध कराना

* 22. श्री अवनीश कुमार सिंह—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में विद्युत् की कम उपलब्धता के कारण परकैपिटा उपभोग मात्र 117.48 यूनिट है जबकि राष्ट्रीय औसत 778.63 यूनिट है;

(2) क्या यह बात सही है कि विद्युत उपभोग के मामले में प्रदेश का स्थान देश में 28वां यानी अंतिम है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रदेश के उपभोक्ताओं को राष्ट्रीय औसत के अनुरूप विद्युत् उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

स्थापित करना

* 23. श्री कृष्णनन्दन पासवान—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला अन्तर्गत हरसिद्धि प्रखंड के ग्राम पंचायत कृतपुरा मठिया में स्वास्थ्य उप–केन्द्र नहीं है, यदि हां, तो क्या सरकार प्रावधान के आलोक में उक्त पंचायत में स्वास्थ्य उप–केन्द्र स्थापित करने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण कराना

* 24. श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिले के आरा प्रखंड के अंतर्गत जमीरा, धोबहां गांवों में अवस्थित अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्रों एवं पैठानपुर ग्राम में स्थित स्वास्थ्य उप–केन्द्र को विस्तारित अस्पताल के रूप में निर्माण कार्य वर्ष 2009 में ही निर्णय लिया गया है, यदि हां, तो क्या सरकार इन केन्द्रों को विस्तारित अस्पताल के रूप में यथाशीघ्र निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

ट्रांसफॉर्मर बदलना

* 25. श्री गोपाल जी ठाकुर—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बेनीपुर प्रखंड के महिनाम पंचायत अन्तर्गत खवना तथा आशापुर का ट्रांसफॉर्मर क्रमशः एक वर्ष एवं दो महीना से जला हुआ है, जिससे ग्रामीणों को सिंचाई करने में काफी कठिनाई होती है;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त दोनों स्थानों पर जले ट्रांसफॉर्मर को बदलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्युतीकरण करना

* 26. श्रीमती गुलजार देवी—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत फुलपरास एवं घोघरडीहा प्रखंड स्थित सुरहा टोल में विद्युतीकरण हेतु मुख्य अभियंता–सह–महाप्रबंधक मिथिला विद्युत् एरिया बोर्ड दरभंगा ने अपने पत्रांक 2894, दिनांक 09 अगस्त, 2011 के द्वारा एक विस्तृत प्राक्कलन बिहार राज्य विद्युत् बोर्ड पटना के मुख्य अभियंता स्टोर को भेजा है;

(2) क्या यह बात सही है कि मुख्य अभियंता, विद्युत् बोर्ड पटना के द्वारा अभीतक कोई कार्रवाई नहीं की गई है यदि हां, तो क्या सरकार वर्णित टोले का विद्युतीकरण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्यान्वयन नहीं होने का औचित्य

* 27. श्री सदानन्द सिंह—क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला स्थित विक्रमशीला के अवशेष स्थल को बुद्ध सर्किट में जोड़ने का निर्णय दो वर्ष पूर्व लिया गया है, यदि हां, तो उक्त निर्णय का अभीतक कार्यान्वयन नहीं होने का क्या औचित्य है ?

---

विद्युतीकरण करना

* 28. श्री अमरनाथ गामी—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बहेड़ी प्रखंड के अतहर उत्तरी पंचायत में आजादी के 66 वर्ष बीत जाने के बाद भी विद्युतीकरण नहीं हुआ है, जबकि 75 ग्रामीणों ने 4 वर्ष पूर्व ही निर्धारित राशि संबंधित कार्यालय में जमा भी कर दिया है;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त ग्राम का विद्युतीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

---

ट्रांसफॉर्मर बदलना

* 29. श्री जाकिर खाँ—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत अररिया विधान–सभा क्षेत्र ग्राम पंचायत, पटना पलासी, मदनपुर पंचायत, हरियाबाड़ा, चातर, रामपुर तथा गैमारी पंचायत में तथा मुहल्ला इस्लामपुर, आजाद नगर में ट्रांसफॉर्मर जला पड़ा है, यदि हां, तो इसे बदलने हेतु क्या कार्य योजना है ?

---

विद्युत आपूर्ति करना

* 30. श्री महेन्द्र बैठा—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के पातेपुर प्रखंड अंतर्गत मौदह बुर्जुग, अग्रैल, सिऔता, महथी, चांदपुर, फतह, चिकनौटा, टेकनारी, चकनसीर, डमैध, मुसापुर, बाजीतपुर, बहुआरा, कृष्णवाड़ा, सुक्की, भैरोखड़ा, अग्रैल, बढ़ुआ एवं जन्दाहा प्रखंड के बिझरौली, नाढ़ी, दसपरहा, अदलपुर, लक्ष्मणपुर, वरवट्टा, रामपुर, नरहर आदि जगहों का ट्रांसफॉर्मर खराब है;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक उपरोक्त सभी जगहों पर ट्रांसफॉर्मर बदलवाकर विद्युत आपूर्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्युतीकरण करना

* 31. श्री जनक सिंह—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत इसुआपुर प्रखंड के शुम्भा पूर्वी टोला, पारसा पूर्वी टोला, महुली पूर्वी टोला, सहवा नोनिया टोला, सहवा गिरी टोला, सहवा दक्षिण टोला, चांदपुरवा पूर्वी टोला, गंगोई विचला टोला एवं तरैया प्रखंड के डेवढ़ी पूर्वी टोला, सरेया रत्नाकार विचला टोला तथा पानापुर प्रखंड के मोरिया पश्चिम टोला, धनौती कुर्मी टोला में विद्युतीकरण कार्य नहीं हुआ है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त प्रखंडों के उक्त टोलों में पोल–तार एवं ट्रांसफॉर्मर की आपूर्ति कराकर विद्युतीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

आधुनिकीकरण कराना

* 32. श्री अरूण कुमार सिन्हा—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार द्वारा कांटी एवं बरौनी बिजली घरों की पहली यूनिट के जीर्णोद्धार तथा आधुनिकीकरण मार्च, 2012 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि अबतक इन बिजली घरों के पहले यूनिट के जीर्णोद्धार एवं आधुनिकीकरण का 50 प्रतिशत लक्ष्य ही पूरा किया जा सका है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड (1) में वर्णित आधुनिकीकरण तथा पुनरूद्धार यथाशीघ्र पूर्ण कराने हेतु कौन–सी कार्रवाई करने का विचार रखती है ?

---

विद्युतीकरण करना

* 33. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण के संग्रामपुर प्रखंड के पूर्वी मधुबनी पंचायत में विद्युतीकरण का कोई कार्य नहीं हुआ है;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार पूर्वी मधुबनी पंचायत में विद्युतीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्युतीकरण करना

* 34. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नवीनगर एवं बारून प्रखंड के मंगाबार, बसन बिगहा मोड़, पिपरा, पेटहारी गाँवों के उपभोक्ताओं द्वारा 3 वर्ष पूर्व विद्युत संबंधन हेतु एग्रीमेन्ट किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त गाँवों में एग्रीमेन्ट के बाद भी आजतक बिजली विभाग द्वारा ट्रांसफॉर्मर नहीं लगाया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गाँवों में ट्रांसफॉर्मर लगाकर विद्युतीकरण करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

* 35. श्री मोती लाल प्रसाद—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बैरगनिया प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र 40 वर्षों से कार्यरत है परन्तु बैरगनिया शहर का गंदा पानी अस्पताल परिसर में जमा रहता है, जिसके कारण रोगियों को इलाज कराने में काफी कठिनाई है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र परिसर के भूतल को ऊँचा कर जल निकासी हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

ट्रांसफॉर्मर बदलना

* 36. श्री जवाहर प्रसाद––क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के तिलौथु प्रखण्ड में स्थित केरपा पावर सब–स्टेशन का 5 एम०भी०ए० का ट्रांसफॉर्मर दिनांक 28 जून, 2012 को जल गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार इसे शीघ्र बदलने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण करना

* 37. श्री राजेश सिंह––क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिलान्तर्गत प्राथमिक स्वा० केन्द्र, मधुबनी का अपना भवन नहीं है यह पैथोल भवन में विगत 10 वर्षों से चलता आ रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रा० स्वा० केन्द्र, मधुबनी का अपना भवन एवं स्टाफ क्वार्टर नहीं रहने के कारण मरीजों को इलाज में काफी परेशानी होत। है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्राथमिक स्वा० केन्द्र, मधुबनी के भवन एवं स्टाफ क्वार्टर का निर्माण कराना चाहती है, हाँ तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

मरम्मती कराना

* 38. श्री भूमेन्द्र नारायण सिंह––क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला अन्तर्गत गोरेया कोठी प्रखण्ड के जामो स्थित अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र के भवन की स्थिति जर्जर है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उप–स्वास्थ्य केन्द्र के भवन की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

मुक्त करना

* 39. डॉ० अच्युतानन्द––दैनिक समाचार–पत्र के दिनांक 25 अप्रील, 2012 के अंक में छपी खबर "मरीज बिकते हैं, बोलो खरीदोगे" शीर्षक के आलोक में क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के 80 प्रतिशत नर्सिंग होम सरकारी अस्पतालों के आस–पास ही अवस्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य के 80 प्रतिशत सरकारी चिकित्सकों द्वारा अपना नर्सिंग होम भी चलाया जाता है ;

(3) क्या यह बात सही है कि सरकारी अस्पतालों में दलालों के माध्यम से रोगियों को बहलाकर निजी नर्सिंग होम में भर्त्ती कराया जाता है जिससे गरीब मरीजों का शोषण होता है ;

(4) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार सरकारी अस्पतालों को दलालों से मुक्त कराने के कौन–सी उपाय पर विचार कर रही है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रतिनियुक्त करना

* 40. श्री विनोद कुमार सिंह—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के आजमनगर प्रखण्ड के शीतलपुर पंचायत के अन्तर्गत शीतलपुर में आयुर्वेदिक अस्पताल में विगत 5 वर्षों से एक भी चिकित्सक एवं स्टाफ नहीं है जिसके चलते वहां रोगी का इलाज नहीं हो पा रहा है, यदि हां, तो सरकार उक्त अस्पताल में चिकित्सक एवं स्टाफ की कबतक प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्युतीकरण कराना

* 41. श्री शालीग्राम यादव—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के हरलाखी प्रखंड के ग्राम पंचायत कलना के मोहनपुर, उमगाँव के भेड़िहर टोल, पुलहर पंचायत में दिघिया टोला, करूणा में कमला पद पट्टी, कौआहा में कान्हर पट्टी, सिसौनी पंचायत में पोखड़िया मुसहरी टोल, फुलहर पंचायत में मनोहरपुर गाँव टोल, बेता पंचायत में हाट परसा में विद्युत आपूर्त्ति नहीं हो रही है ;

(2) यदि उपर्युक्त प्रश्न का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो इन गाँवो में पोल–तार एवं ट्रांसफॉर्मर की आपूर्त्ति कर विद्युतीकरण का कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

जर्जर तार बदलना

* 42. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नबीनगर एवं बारून प्रखण्ड के बड़ेम ग्रिड का बड़ेम से कोईरीडीह, पुनपुन ग्रिड का 30 किलोमीटर, टेंगरा ग्रिड का 10 किलो मीटर, नबीनगर बाजार से परसिया तक, परसिया से कॉलेज तक तार जर्जर होने के कारण बराबर दुर्घटना होती रहती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उपरोक्त स्थानों के सभी जर्जर तार को बदलने का विचार रखती है, यदि हाँ,? तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

स्वीच लगाना

* 43. श्री राजेश्वर राज—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत विद्युत उप–केन्द्र, विक्रमगंज द्वारा नगर पंचायत विक्रमगंज में स्थापित ए०वी० स्वीच रहित 58 ट्रांसफॉर्मरों में विद्युत उप–केन्द्र स्थित एक ही स्वीच से विद्युत संचरण का कार्य किया जाता है, जिससे काफी कठिनाई होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्त्ता सदस्य द्वारा प्रत्येक ट्रांसफॉर्मरों में अलग–अलग स्वीच लगाने हेतु संबंधित वरीय पदा० से दिसम्बर, 2011 में लिखित अनुरोध किये जाने के बावजूद भी आजतक कोई कार्रवाई नहीं की गई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त ट्रांसफॉर्मरों में अलग–अलग स्वीच लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण करना

* 44. श्री चितरंजन कुमार—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि अरवल जिलान्तर्गत प्रखण्ड करपी के ग्राम कुबरी में राजकीय औषधालय है;

(2) क्या यह बात सही है कि इस औषधालय का भवन जीर्ण–शीर्ण अवस्था में है जबकि भूमि भी उपलब्ध है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस औषधालय का भवन निर्माण कराना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

योजनाओं का कार्यान्वयन

* 45. श्री तार किशोर प्रसाद—क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला में मुख्य मंत्री क्षेत्र विकास योजना अन्तर्गत जिला चयन समिति द्वारा वित्तीय वर्ष 2011–12 की स्वीकृत योजनाओं का कार्यान्वयन अभीतक नहीं हो पाया है, न ही राशि प्राप्त हुई है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

---

भवन की मरम्मती

* 46. श्री वैद्यनाथ सहनी—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत ताजपुर प्रखंड मुख्यालय में अवस्थित जननायक कर्पूरी ठाकुर रेफरल अस्पताल का भवन एवं कर्मचारी पदा0 आवास का भवन अत्यंत ही जर्जर है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल भवन एवं कर्मचारी, पदाधिकारी आवास का भवन की मरम्मती कार्य कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

तार बदलना

* 47. श्री राहुल कुमार—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिलान्तर्गत 33/11 पावर सब–स्टेशन, चरूई से गढजलालपुर तक 11 के0वी0 तार, चरूई से कुरूआ तक 11 के0वी0 तार एवं हाजीपुर से दमुहा तक 11 के0वी0 तार बदलने हेतु सभी सामानों का आवंटन साढ़े तीन वर्ष पूर्व हो जाने के बावजूद आजतक कार्य नहीं कराया गया है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

---

जनसंख्या वृद्धि की रोकथाम

* 48. श्री अवनीश कुमार सिंह—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2001 से 2011 के बीच जनसंख्या वृद्धि का राष्ट्रीय औसत 17.6 प्रतिशत रहा है परन्तु राज्य में औसत जनसंख्या वृद्धि 25.1 प्रतिशत रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि परिवार नियोजन एवं जनसंख्या वृद्धि से सम्बन्धित दुष्प्रभावों के बारे में प्रचार–प्रसार के अभाव में राज्य की जनसंख्या वृद्धि राष्ट्रीय वृद्धि से 7.5 प्रतिशत अधिक है ;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार जनसंख्या वृद्धि को राष्ट्रीय औसत पर लाने के लिये कौन–से उपाय करने का विचार रखती है ?

जाँच घर की व्यवस्था

* 49. श्री अनन्त कुमार सत्यार्थी—–क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—–

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला स्थित सदर अस्पताल भवन 196 बेड का है;

(2) क्या यह बात सही है कि सम्प्रति उक्त अस्पताल में मरीजों के निर्धारित शय्याओ का स्थान कम कर मेडिकल वार्ड में आई0सी0यू0 खोल दिया है तथा महिला वार्ड में एन0आर0सी0 कार्यालय गत वर्ष खोले जाने तथा विभिन्न जाँच घरों के भी वार्ड को छोटा कर चलाने से अस्पताल में मरीजो के लिए जगह छोटा पड़ गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त अस्पताल से अलग उक्त वर्णित जाँच घर आदि की व्यवस्था करते हुए 196 शय्याओं को रोगियों के लिए सुरक्षित रखने का विचार रखती है, नही, तो क्यों ?

------

तार बदलना

* 50. श्री अम्बिका सिह—–क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—–

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला के रामगढ़ विधान–सभा क्षेत्र के अन्तर्गत दुर्गावती बाजार में ग्यारह हजार का तार जर्जर स्थिति में है;

(2) क्या यह बात सही है कि बराबर तार गिर जाने के कारण आए दिन दुर्घटना का शिकार पशु एवं आदमी हो रहे हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर ग्यारह हजार का तार बदलने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

विद्युतीकरण कराना

* 51. श्रीमती नीता चौधरी—–क्या मंत्री, विद्युत विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—–

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के हवेली खड़गपुर प्रखंड के अन्तर्गत ग्राम कठौतिया मुसहरी महादलितों का गाँव है;

(2) क्या यह बात सही है कि कठौतिया मुसहरी का अभीतक विद्युतीकरण नहीं हुआ है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार कठौतिया मुसहरी में विद्युतीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

ट्रांसफॉर्मर लगाना

* 52. श्री श्याम बिहारी प्रसाद—–क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—–

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के आदापुर प्रखंड मुख्यालय स्थित आदापुर पावर सब–स्टेशन निर्माण की स्वीकृति 2004 में दी गयी थी, जिसमें 05–05 के०भी०ए० का दो ट्रांसफॉर्मर लगाकर विद्युतीकरण किया जाना था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पावर–सब स्टेशन का मात्र 05 के०भी०ए० का एक ट्रांसफॉर्मर लगाकर विद्युतीकरण किया गया है जिससे उक्त प्रखंड के उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति सही ढंग से नहीं मिल पा रही है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पावर सब–स्टेशन में 5 के०भी०ए० का एक और ट्रांसफॉर्मर लगाने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्युत संचरण करना

* 53. श्री जितेन्द्र कुमार—–क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के कतरीसराय प्रखंड के ग्राम मायापुर एवं ग्राम वादी में विद्युत सब–स्टेशनों का निर्माण कार्य वर्ष 2010–11 में ही पूरा हो चुका है परन्तु आजतक उक्त दोनों विद्युत सब–स्टेशनों से विद्युत संचरण प्रारंभ नहीं किया गया है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त दोनों विद्युत सब–स्टेशनों से विद्युत संचरण प्रारंभ करने का विचार रखती है, नही, तो क्यों ?

---

विद्युत पोल गाड़ना

* 54. श्रीमती नीता चौधरी—–क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—–

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के हवेली खड़गपुर प्रखंड के अन्तर्गत महादेव पुरी गाँव में विद्युत लाईन पाँच वर्ष पूर्व से ही दिया हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि गाँव में विद्युत की आपूर्ति अभीतक बांस–बल्ला के द्वारा होने के कारण भयंकर खतरा बना हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार महादेव पुरी गाँव में विद्युत पोल गाड़ने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण कराना

* 55. श्री राम सेवक हजारी—–क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—–

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के कल्याणपुर प्रखंड के सोरमार पंचायत अन्तर्गत रतनपुर डरोड़ी ग्राम में स्वास्थ्य उप–केन्द्र पूर्व में चल रहा था जो वर्ष 2000, 2004 एवं 2007 ई० में बाढ़ आने से पूर्णतः भवन ध्वस्त होने से चिकित्सा कार्य बन्द पड़ा है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त गाँव के स्वास्थ्य उप–केन्द्र का भवन पुनः निर्माण कार्य कराकर चिकित्सा कार्य शुरू कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

आपूर्ति करना

* 56. श्री रमेश ऋषिदेव—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत कुमारखंड प्रखंड के सुखासन, इसरायन कला एवं गोपालपुर ग्राम में 15 वर्ष पूर्व ट्रांसफॉर्मर, पोल एवं बिजली का तार लगाया गया लेकिन आजतक बिजली की आपूर्ति नहीं की गई है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त गाँवों में बिजली की आपूर्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

चिकित्सा सेवा चालू कराना

* 57. श्री प्रदीप कुमार—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत पकरीवरावां प्रखंड के अति० प्रा० स्वा० केन्द्र, डोला टोला, बरैयाविगहा, उकौडा, बढ़ौना तथा वारिसलीगंज प्रखंड के अति० प्रा० स्वा० केन्द्र, मिल्की तथा चकवाय टोला, बाघी में चिकित्सक पदस्थापित नहीं हैं, जिससे स्वास्थ्य सेवा बाधित है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र पर चिकित्सक पदस्थापित कर चिकित्सा सेवा चालू करवाने की विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

ट्रांसफॉर्मर लगाना

* 58. श्री रामानन्द यादव—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत फतुहा विद्युत उप–केन्द्र में 5 एम०भी०ए० का ट्रांसफॉर्मर है और 10 मेगावाट विद्युत की आपूर्ति की जाती है, यदि हां, तो क्या सरकार फतुहा विद्युत उप–केन्द्र में 10 एम०भी०ए० का ट्रांसफॉर्मर लगाने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

दोषियों पर कार्रवाई

* 59. श्री संजय सिंह टाइगर—हिन्दी समाचार–पत्र में प्रकाशित "स्वर्गवासी बने लाभार्थी" शीर्षक को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, आपदा प्रबन्धन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2011 में अकाल की विभिषिका से बचाने के लिये सरकार द्वारा सूखा राहत बांटा गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के मोकर पंचायत में सूखा राहत की राशि बांटने में भारी अनियमितता बरती गयी है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सूखा राहत के वितरण में हुई गड़बड़ियों का जाँच कराकर इसके लिये दोषी लोगों के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है ?

---

अति प्रा० स्वा० केन्द्र खोलना

* 60. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के केसरिया विधान–सभा क्षेत्र अन्तर्गत कल्याणपुर प्रखंड में उग्रवाद प्रभावित पंचायत दरमाहा में वर्ष 2008 में ही अतिरिक्त प्रा० स्वा० केन्द्र खोलने का निर्णय लिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इस पंचायत के वर्तमान मुखिया श्री उदय नारायण शर्मा ने दिनांक 29 अगस्त, 2008 को अपने कीमती जमीन जिसका खाता नं० 67, खेसरा 2567, रकवा 8 कठ्ठा दरमाहा टोला, कटहरिया में मुख्य सड़क के किनारे अति० प्रा० स्वा० केन्द्र खोलने के लिए राज्यपाल के नाम निबंधित कर दिया है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त स्वीकृत स्थान पर अति० प्रा० स्वा० केन्द्र खोलने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

विद्युतीकरण करना

*61. श्री नौशाद आलम--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के ठाकुरगंज प्रखण्ड के दर्जनों ग्रामों यथा मोकरी बस्ती, मुंशी भीटा, मुनियाहारी भोगब्रबर, बाखोटोली, धुमगढ़, मीरभीट्टा, डांगीगच्छ, नुनधरा, भोगडाबर मुखया टोला, दल्लेगांव, खेलाभीटा, जालमिलिक फजूल टोला आदि में विद्युतीकरण हेतु पाँच वर्ष पूर्व की बिजली के खम्भे खड़ा कर दिए गए हैं, लेकिन आजतक विद्युतीकरण नहीं हुआ है;

(2) यदि उपरोक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त ग्रामों का विद्युतीकरण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

चिकित्सकों को पदस्थापित करना

*62. श्री राम लषण राम ''रमण''--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत राजनगर प्रखण्ड मुख्यालय में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सकों की स्वीकृति पद 7 (सात) के विरुद्ध मात्र (4) चार चिकित्सक कार्यरत हैं, यदि हां, तो क्या सरकार कबतक शेष 3 चिकित्सकों को पदस्थापित करना चाहती है ?

------------

दवा उपलब्ध कराना

*63. श्री सुबोध राय--दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 23 अप्रैल, 2012 के प्रकाशित शीर्षक ''अस्पतालों में दवा नहीं'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य के कालाजार पीड़ित 33 जिलों के किसी अस्पताल में कालाजार की दवा उपलब्ध नहीं है जिसके कारण वर्ष 2008 में 147, 2009 में 80, 2010 में 95 एवं 2011 में 74 कालाजार पीड़ितों की मौत हो गयी है, यदि हां, तो क्या सरकार सभी अस्पतालों में उक्त दवा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

भवन का निर्माण

*64. श्रीमती सुनीता सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के बेलसण्ड प्रखण्ड अन्तर्गत डुमरा गाँव में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हेतु वर्ष 1995 में ही जमीन उपलब्ध करा दिया गया है परन्तु अभीतक भवन का निर्माण नहीं कराया गया है;

(2) यदि उपरोक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक उक्त स्थल पर भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

विद्युतीकरण करना

*65. श्री जनक सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत इसुआपुर प्रखण्ड के गाँव उसड़ीखुर्द, अफजलपुर, जैथर, छपीया, डुमरी, डीहछपीया एवं तरैया प्रखण्ड के गाँव परौना एवं भटागाई बगैरह में विद्युतीकरण कार्य नहीं हुआ है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त प्रखण्डों के उक्त गाँवों में पोल-तार एवं ट्रांसफॉर्मर की आपूर्ति कराकर विद्युतीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

उपलब्ध कराना

*66. श्री अख्तरुल ईमान--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के प्रखण्ड कोचाधामन अन्तर्गत पाटकोई पंचायत के चकचकी गाँव के कुल 56 परिवार महानन्दा नदी के कटाव के कारण वर्ष 2010 में विस्थापित हो चुके हैं और उसी गाँव के दूसरे स्थान पर बस गए हैं, यदि हां, तो प्रावधान के आलोक में क्या सरकार इन्हें अविलम्ब इन्दिरा आवास उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

-----------

विद्युत आपूर्ति करना

*67. श्री सत्यदेव सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अरवल जिलान्तर्गत कुर्था प्रखण्ड का सभी विद्युत तार जर्जर है जिसे 20 वर्षों से बदला नहीं गया है, जिससे विद्युत आपूर्ति में बाधा हो रही है;

(2) क्या यह बात सही है कि तार जर्जर रहने के कारण तीनों फेज की विद्युत आपूर्ति के बदले दो ही फेज चालू किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जर्जर तारों को बदलकर तीनों फेज विद्युत आपूर्ति करना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

चालू कराना

*68. श्रीमती पूनम देवी यादव--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत मानसी प्रखण्ड के पूर्वी ठाठा गाँव के कसरैया धार के पास वर्ष 2003 में एक पर्यटन होटल का शिलान्यास तत्कालीन पर्यटन मंत्री द्वारा किया गया था एवं तीन वर्ष में निर्माण कार्य पूरा कर होटल को चालू करने का आदेश दिया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त होटल का निर्माण कार्य विगत 9 वर्षों में पूरा नहीं हो सका है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए उक्त होटल का निर्माण कार्य पूर्ण करके चालू कराने का विचार रखती है ?

-----------

बाउंड्री का निर्माण

*69. श्री अमरनाथ गामी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा मेडिकल कॉलेज अस्पताल कैम्पस में बाउंड्री नहीं रहने के कारण पशुओं का भय मरीजों को बना रहता है, यदि हां, तो सरकार कैम्पस का बाउंड्री कबतक बनवाने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

स्वा० केन्द्र का निर्माण

* 70. श्री गोपालजी ठाकुर—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बेनीपुर अनुमंडल के महिनाम, हावीमाटोर, नवादा, रमौली, शिवराम, तरौनी, मलौल में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र निर्माण हेतु जमीन उपलब्ध है ;

(2) क्या यह बात सही है कि राशि आवंटन के अभाव में अस्पताल का निर्माण नहीं हो रहा है ;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार आवंटन देकर इन स्थानों पर स्वीकृत स्वास्थ्य केन्द्रों का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है ?

---

विद्युतीकरण कराना

* 71. श्री कुमार शैलेन्द्र—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के खरीक प्रखण्ड अन्तर्गत तुलसीपुर गाँव के मंडल टोला, नवटोलिया में 100 के०भी०ए० का ट्रांसफॉर्मर एवं न बिजली का पोल एवं तार नहीं रहने के वजह से अंधेरा में डूबा रहता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सामग्रियों की आपूर्ति कर वहाँ विद्युतीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

शामिल करना

* 72. श्री दिनकर राम—क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत मेजरगंज प्रखण्ड, सोनवर्षा प्रखण्ड एवं बथनाहा को स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल, पुपरी से टैग कर दिया गया है जबकि मेजरगंज, सोनवर्षा और बथनाहा प्रखण्ड का अनुमंडल मुख्यालय सीतामढ़ी है, यदि हाँ, तो क्या सरकार मेजरगंज, सोनवर्षा एवं बथनाहा प्रखण्ड को स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन कार्य प्रमंडल, पुपरी के बदले स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण कार्य प्रमंडल, सीतामढ़ी से टैग करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

आपूर्ति करना

* 73. श्री दुलालचन्द्र गोस्वामी—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत बलरामपुर विधान–सभा क्षेत्र के उपभोक्ताओं को महज 3–4 घंटे ही बिजली की आपूर्ति होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त क्षेत्र के उपभोक्ताओं को नियमित बिजली आपूर्ति कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विद्युत आपूर्ति करना

* 74. श्री कन्हैया कुमार—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिला के ग्राम पंचायत सहवाजपुर सराय के ग्राम–मुड़गढ़वा, नादगड़, कटगड़ा, मीलकी सराय बेजदारी, सीतामढ़ी, मुरैता चक, बौधी बिघा आदि गाँवों में विगत दो वर्षों से ट्रांसफॉर्मर जला होने के कारण विद्युत आपूर्ति बाधित है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गाँवों में ट्रांसफॉर्मर लगाकर विद्युत आपूर्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

ट्रांसफॉर्मर लगाना

* 75. श्री अरूण शंकर प्रसाद—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत जयनगर में स्टेशन चौक, जयहिन्द सिनेमा, गुरूद्वारा रोड एवं मारवाड़ी मोहल्ला के निकट एक–एक सौ के०भी० का ट्रांसफॉर्मर लगा हुआ जो बार–बार जल जाता है। जिसके कारण उपभोक्ताओं को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त जगहों पर दो–दो सौ का ट्रांसफॉर्मर लगाने हेतु जयनगर विद्युत कार्यालय द्वारा जून, 2011 एवं मई, 2012 में प्रस्ताव विद्युत बोर्ड, पटना को भेजा गया है, परन्तु आजतक 200 के०भी० का ट्रांसफॉर्मर नहीं लगाया गया है ;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक उक्त जगहों पर 200–200 के०भी० का ट्रांसफॉर्मर लगाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

जले ट्रांसफॉर्मरों को बदलना

* 76. श्री राजेश्वर राज—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के विक्रमगंज अनुमंडल अन्तर्गत पटेलनगर, दीवरा, शांतिनगर, अनुमण्डल कोर्ट, महुली मुहल्ले तथा दुर्गाडीह, खेलड़िया ताथा संझौली प्रखण्डान्तर्गत संझौली, करमैनी ग्राम के ट्रांसफॉर्मर विगत चार महीनों से जला हुआ है जबकि 72 घंटों में ही जले ट्रांसफॉर्मरों को बदलने का सरकारी प्रावधान है, यदि हाँ, तो क्या सरकार वर्णित स्थलों पर जले ट्रांसफॉर्मरों को बदलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्यान्वयन नहीं करने का औचित्य

* 77. श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वर्ष 2006–07 में ही विभाग ने आरा शहर के अन्तर्गत विद्युत संचरण एवं वितरण से संबंधित समस्याओं से निपटने हेतु शहर उत्तर पूर्वी हिस्सा के धरहरा के पास एक 50 एम०भी०ए० का शक्तिशाली पावर स्टेशन निर्माण करने का निर्णय लिया था, यदि हाँ, तो उक्त निर्णय का अभीतक कार्यान्वयन नहीं किये जाने का क्या औचित्य है ?

---

कंट्रौल पैनल लगाना

* 78. श्री दुलालचन्द्र गोस्वामी—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत बारसोई में विद्युत सब–पावर स्टेशन विगत दो वर्षों से कार्यरत है, जिसमें कंट्रौल पैनल नहीं रहने के कारण उक्त अनुमंडल में बिजली आपूर्ति सुचारू तरीके से नहीं हो पाता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार कंट्रौल पैनल लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

नियुक्त करना

* 79. श्री अशोक कुमार—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार कॉलेज ऑफ फिजियोथेरापी एवं अकुपेशनल थेरापी, विकलांग भवन अस्पताल, पटना में चिकित्सक, फिजियोथेरापिस्ट, अकुपेशनलथोरापिस्ट सहित अन्य 56 पद रिक्त होने की वजह से पोलियो, सेलेब्रल, पेल्सी, हेमेफिलिजिया, पारा फिलिजिया आदि रोग से ग्रसित रोगियों के उपचार में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार जनहित में ऐसे रोग से ग्रसित लोगों को समुचित चिकित्सा प्रदान कराने हेतु उक्त अस्पताल सहित राज्य के विभिन्न अस्पतालों में फिजियोथेरापिस्ट एवं अकुपेशनलथेरापिस्ट के साथ अन्य रिक्त पदों पर नियुक्ति का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

ट्रांसफॉर्मर बदलना

* 80. श्री विनोद प्रसाद यादव—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि शहरी क्षेत्र में 24 घंटे एवं ग्रामीण क्षेत्रों में तीन दिन में ट्रांसफॉर्मर बदला जाना है;

(2) क्या यह बात सही है कि नगर पंचायत, शेरघाटी में गौतम बुद्ध स्कूल के पास एवं मिल्कीबाद में डोभी प्रखण्ड के कौआवार एवं महकमपुर, आमस प्रखण्ड के हमजापुर में मो0 कैश के निकट, जी0टी0 रोड के निकट कुशवाहा टोला, आमस बाजार पथरा, कोरमथु एवं गंगटी में ट्रांसफॉर्मर जला हुआ है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जले हुए ट्रांसफॉर्मर को बदलने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

जीर्ण–शीर्ण तार को बदलना

* 81. श्रीमती भागीरथी देवी—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि रामनगर नगर पंचायत अंतर्गत बिजली का तार जीर्ण–शीर्ण अवस्था में है जिसके कारण बिजली की आपूर्ति में कठिनाइयाँ तथा दुर्घटनाएँ होती रहती है;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता सदस्या ने उक्त बिजली के तार बदलने हेतु कार्यपालक अभियंता, विधुत् कार्य प्रमंडल, बेतिया को वर्ष, 2011 में पत्र लिखा था, जिसपर आजतक कोई कार्यवाही नहीं हो सकी है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में उक्त जीर्ण–शीर्ण हुए तार बदलने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

चालू कराना

* 82. डॉ0 इजहार अहमद—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला अंतर्गत बिरौल अनुमण्डलीय रेफरल अस्पताल 100 बेड का उद्घाटन वर्ष 1991 में तत्कालीन दो मुख्य मंत्री द्वारा किया गया है परन्तु आजतक उक्त अस्पताल में न तो चिकित्सकों और न ही कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक रेफरल अस्पताल को चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

अतिरिक्त ट्रांसफॉर्मर दिलाना

* 83. डॉ0 दाऊद अली—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतजाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिलान्तर्गत डुमरांव रघुनाथपुर विद्युत् प्रशाखा के सहायक विद्युत् अभियंता ने पत्रांक 107, दिनांक 14 दिसम्बर, 2011 द्वारा सभी प्रक्रिया पूर्ण कर ग्राम–कृष्णाब्रह्म एन0एच0 84 के उत्तर 63 के0भी0ए0 का एक अतिरिक्त ट्रांसफॉर्मर की स्वीकृति का अनुरोध किया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त ग्राम में अतिरिक्त ट्रांसफॉर्मर की स्वीकृति शीघ्र दिलाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक नहीं, तो क्यों ?

निष्पादन करना

* 84. श्री संजय सरावगी—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा शहर के रत्नोपट्टी, शुभंकरपुर, आजमनगर, सुन्दरपुर, कालेगंज सहित विभिन्न बोर्डों एवं मोहल्लों में पोल लगाने/अतिरिक्त ट्रांसफॉर्मर के 26 प्राक्कलन वित्तीय वर्ष 2010 एवं 11–2012 में स्वीकृति हेतु मुख्य अभियंता–सह–महाप्रबंधक, विद्युत् बोर्ड, दरभंगा एवं बिहार राज्य विद्युत् बोर्ड, पटना में लम्बित पड़े हुए हैं, यदि हाँ, तो इसके निष्पादन हेतु सरकार की क्या कार्य योजना है ?

---

निर्माण कार्य कराना

* 85. श्री विनोद कुमार सिंह—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत आजमनगर प्रखंड मुख्यालय में स्वीकृत राजीव गाँधी विद्युतीकरण योजना के तहत विद्युत् सब पावर स्टेशन के निर्माण हेतु वर्ष 2009 में निविदा हो चुका है लेकिन आजतक उक्त सब–स्टेशन का निर्माण कार्य आरंभ नहीं हो सका है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्युत् सब–स्टेशन का निर्माण कार्य आरंभ करने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

रिक्त पदों को भरना

* 86. श्री अनन्त कुमार सत्यार्थी—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला स्थित सदर अस्पताल, मुंगेर में चाइल्ड स्पेसलिस्ट, स्कीन स्पेसलिस्ट, ग्यानोलोजिस्ट एवं इ0एन0टी0 स्पेसलिस्ट के पद विगत 20 वर्षों से स्वीकृत है परन्तु उक्त चिकित्सकों का पद विगत 10 वर्षों से रिक्त पड़े हैं जिससे रोगियों को इलाज कराने में असुविधा हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित चिकित्सकों के रिक्त पदों को रोगियों के हित में कबतक भरने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

प्रशिक्षक की प्रतिनियुक्ति

* 87. श्री अरूण कुमार सिन्हा—क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

(1) क्या यह बात सही है कि मोईनुल हक स्टेडियम परिसर में चन्द्रगुप्त जल विहार की स्थापना 2000 ई0 में हुई थी जिसके सुचारू संचालन के लिए चार सदस्यीय उच्चस्तरीय समिति गठित की गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि खण्ड (1) में वर्णित जल विहार में तैराकी के प्रशिक्षण हेतु नियमित प्रशिक्षक की प्रतिनियुक्ति पिछले एक साल से नहीं हुई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त जल विहार में नियमित प्रशिक्षक प्रतिनियुक्त करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

विद्युतीकरण करना

* 88. श्री राम प्रवेश राय—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि वर्ष 2015 तक राज्य के सभी ग्रामों में बिजली की सुविधा प्रदान कर दी जाएगी ;

(2) क्या यह बात सही है कि राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना में गोपालगंज जिला को शामिल कर प्रथम चरण का कार्य कराया गया, किन्तु दूसरे चरण के कार्य में इस जिले को शामिल नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना के दूसरे चरण के कार्य में भी गोपालगंज जिले को शामिल कर बिजली से वंचित सभी ग्रामों को विद्युतीकरण करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

ट्रांसफॉर्मर बदलना

* 89. श्री सुरेन्द्र मेहता—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिले के बेगूसराय नगर के शानिचरा स्थान, चाणक्य नगर एवं नौरंगापुल के पास विगत दो साल से ट्रांसफॉर्मर जले हुए हैं, जिससे विद्युत आपूर्ति बाधित है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त स्थानों पर जले ट्रांसफॉर्मरों को बदलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्युतीकरण कराना

* 90. श्री शिवेश कुमार—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के अन्तर्गत अगिऑव, गड़हनी एवं चरपोखरी प्रखंड के सेमरांव, पसौर, गौरा, पहड़पुर, सितुहारी इत्यादि गांवों में विद्युत आपूर्ति हेतु उपभोक्ताओं ने 3 वर्ष पूर्व आवदेन दिया है, परन्तु विद्युतीकरण नहीं किया गया है, यदि हां, तो इसका क्या औचित्य है ?

---

भवन निर्माण कराना

* 91. श्री राजकुमार राय—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के हसनपुर प्रखंड अन्तर्गत राजकीय औषधालय पडी (गजपती) भवन विगत 10 वर्ष पूर्व ध्वस्त हो चुका है लेकिन आजतक भवन निर्माण नहीं किया गया है, यदि हां, तो सरकार कबतक उक्त औषधालय के भवन निर्माण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई एवं टेन्डर कराना

* 92. श्री रामानन्द यादव—क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला अन्तर्गत फतुहां प्रखंड में महल्ला–दरियापुर कटैया घाट निर्माण एवं सौन्दर्यीकरण के लिए 2 करोड़, 48 लाख एवं समसपुर त्रिवेणी घाट निर्माण तथा सौन्दर्यीकरण के लिए भी 2 करोड़ 48 लाख आवंटन कर जिला पदाधिकारी को भेजा गया और जिला पदाधिकारी द्वारा विभागीय कार्रवाई की जा रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्त्ता द्वारा दिनांक 28 मार्च, 2012 को जिला पदाधिकारी, पटना को लिखित पत्र दिया गया कि ये टेन्डर के माध्यम से कार्य कराया जाय परन्तु विभागीय कार्य घटिया किस्म का हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कार्य में अनियमितता करने वालों पर कार्रवाई एवं टेन्डर कराना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

विद्युत आपूर्ति करना

* 93. श्री श्रवण कुमार—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित विद्युत सब–स्टेशन का निर्माण कार्य 2005 में पूर्ण कर विद्युत आपूर्ति की जा रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सब–स्टेशन मे मात्र एक ही फीडर से सभी स्थानों पर विद्युत आपूर्ति का जा रही रही है, जिसके कारण कहीं भी विद्युत आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में समूचा प्रखंड विद्युत आपूर्ति से वंचित हो जाता है ;

(3) क्या यह बात सही है कि अभी भी प्रखंड मुख्यालय, गिद्धौर को इसी फीडर से विद्युत आपूर्ति की जा रही है ;

(4) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार एक अतिरिक्त फीडर का निर्माण कर प्रखंड मुख्यालय को अलग से विद्युत आपूर्ति करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं,तो क्यों ?

---

चालू कराना

* 94. डॉ० अब्दुल गफूर—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला अन्तर्गत अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, कुन्दाह वर्ष 2009 से बंद पड़ा है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल को नियमित रूप से चालू कराना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों नहीं ?

---

ठीक कराना

* 95. श्री सुबोध राय—दैनिक समाचार–पत्र में दिनांक 26 अप्रील, 2012 को प्रकाशित शीर्षक "क्या दलालों के लिए खराब होती है मशीनें" को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर, गया और पटना के मेडिकल कॉलेज में एम०आर०आई० मशीनें विगत छः माह से काम नहीं कर रही है जिससे मरीजों को जाँच कराने में 1000 से 5000 रुपये तक का भुगतान निजी जाँच संस्थानों को करना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त मशीनों को ठीक कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

स्वास्थ्य सेवाएं बहाल करना

* 96. श्री आलोक रंजन—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला के सौर बाजार प्रखंड अन्तर्गत रौता खेम पंचायत में एक अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र का भवन पिछले पाँच वर्षों से अधूरा पड़ा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इस भवन के नहीं बनने से यहां के लोगों को प्राथमिक इलाज हेतु सौर बाजार स्वास्थ्य केन्द्र जाना पड़ता है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस भवन को जल्द बनवाकर यहां स्वास्थ्य सेवाएं बहाल कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

स्थापना करना

*97. डॉ० अच्युतानंद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के मटनार में अनुमंडल की स्थापना के 10 वर्षों के बाद भी मटनार में अनुमंडल अस्पताल की स्थापना नहीं होने से क्षेत्र की जनता को काफी कठिनाई होती है;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार मटनार में अनुमंडलीय अस्पताल की स्थापना कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

रेफरल अस्पताल बनाना

*98. श्री विरेन्द्र सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के वजीरगंज प्रखंड मुख्यालय के अस्पताल रेफरल अस्पताल में परिणत नहीं है, जिस कारण स्थानीय लोगों को बेहतर चिकित्सा के लिए जिला मुख्यलय आना पड़ता है;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार वजीरगंज प्रखंड मुख्यालय अस्पताल को रेफरल अस्पताल बनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

बकाया का भुगतान

*99. श्री अजित कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला में वित्तीय वर्ष 2011-12 में जननी एवं बाल सुरक्षा योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र के 28316 एवं शहरी क्षेत्र के 245 प्रसव उपरान्त लाभुकों को क्रमश: 5 करोड़ 66 लाख बत्तीस हजार एवं 2 लाख 94 हजार रुपया आवंटन के अभाव में भुगतान हेतु लंबित है;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त लाभुकों के बकाया का भुगतान करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

चिकित्सकों को पदस्थापित करना

*100. श्री रामचन्द्र सहनी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जिला पूर्वी चम्पारण अन्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सुगौली में महिला चिकित्सक, नियमित विशेषज्ञ चिकित्सक नहीं होने के कारण रोगियों को घोर असुविधा हो रही है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सकों को पदस्थापित कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

जीर्णोद्धार करना

*101. श्री अशोक कुमार सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के मदनपुर प्रखंड अन्तर्गत उचौली पावर सब-स्टेशन जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, जिस कारण बिजली आपूर्ति में बाधा उत्पन्न होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उचौली पावर सब-स्टेशन के जीर्णोद्धार करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

रिसर्च सेंटर खोलना

*102. श्री सुरेश कुमार शर्मा--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला में पिछले दो वर्ष से लगातार अप्रील माह से जुलाई माह तक मस्तिष्क ज्वर नामक महामारी फैलती है, जिससे सैकड़ों बच्चों की मृत्यु होती है;

(2) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत श्री कृष्ण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में रिसर्च की कोई व्यवस्था नहीं है, जिसके कारण सरकार महामारी को रोकने में विफल हो जाती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार श्री कृष्ण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में मस्तिष्क ज्वर महामारी संबंधी रिसर्च सेन्टर खोलने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

सुविधा बहाल करना

*103. श्री राज कुमार राय--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत हसनपुर प्रखंड के मंगलगढ़ पंचायत में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र है, जहां प्रसव कार्य कराया जाता है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र पर महिलाओं और कर्मियों को रहने की समुचित व्यवस्था नहीं है तथा भवन भी जर्जर है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र, मंगलगढ़ में सभी सुविधा बहाल करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

नियुक्ति करना

*104. श्री जय कुमार सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जिला स्वास्थ्य समिति, समस्तीपुर द्वारा नवम्बर, 2011 में प्रशिक्षित नर्स की संविदा पर बहाली हेतु विज्ञापन निकाला गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि दिनांक 6 जनवरी, 2012 को कॉउन्सलिंग होने एवं मार्च, 2012 में मेरिट लिस्ट जारी करने के बावजूद अभीतक नियुक्ति नहीं की गई है, जिससे जिला के अस्पतालों में चिकित्सा कार्य बाधित हो रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उन प्रशिक्षित नर्स की संविदा पर नियुक्ति का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

बिजली की आपूर्ति

*105. श्रीमती गुड्डी देवी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत गिधा, मजरोहा, फुलवरिया, तिलकताजपुर आदि ग्राम में विद्युतीकरण योजना के तहत वर्ष 2010 में बिजली का तार पोल आदि लगा दिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के बेलसंड एन०एच०पी०सी० द्वारा वर्ष 2011 में सभी उप-केन्द्र चालू कर उक्त ग्रामों को विद्युत् की आपूर्ति की जाती थी;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार बेलसंड में सभी उप-केन्द्र चालू कर उक्त पंचायतों में बिजली की आपूर्ति करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

विद्युत उप–स्टेशन चालू कराना

* 106. श्री मनीष कुमार—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि —

(1) क्या यह बात सही है कि बांका जिला अन्तर्गत धोरैया प्रखंड का विद्युत उप–स्टेशन विगत आठ वर्षों से बंद पड़ा है;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार धोरैया प्रखंड के उक्त विद्युत उप–स्टेशन को चालू कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

प्राक्कलन नहीं देने का औचित्य

* 107. श्रीमती गुड्डी देवी—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रून्नीसैदपुर प्रखंड के अन्तर्गत प्रेमनगर अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र के चहारदीवारी निर्माण हेतु स्वास्थ्य विभागीय पत्रांक 669 (10), दिनांक 16 मार्च, 2011 के द्वारा सिविल सर्जन, सीतामढ़ी का प्राक्कलन हेतु पत्र लिखा गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्रेमनगर का प्राक्कलन सिविल सर्जन, सीतामढ़ी द्वारा नहीं दिया गया है, जिससे चहारदीवारी का निर्माण नहीं किया गया है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्रेमनगर का प्राक्कलन नहीं देने का क्या औचित्य है ?

---

चिकित्सा सुनिश्चित कराना

* 108. डॉ0 इजहार अहमद—स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार–पत्र में दिनांक 29 जून, 2012 को प्रकाशित शीर्षक "इंसेफलाइटिस के 14 नये मरीज" को ध्यान में रखते हुए, क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के मुजफ्फरपुर में मस्तिष्क ज्वर से 28 जून, 2012 तक, 238 बच्चों की मौत हो चुकी है तथा आज भी 617 मरीज एस0के0एम0सी0एच0 अस्पताल, पी0एम0सी0एच0 अस्पताल, एन0एम0सी0एच0 तथा वैशाली के अस्पतालों में जीवन–मृत्यु से जूझ रहे हैं, जिनका समुचित इलाज नहीं हो पा रहा है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार इसमें लापरवाही बरतने वाले संबंधित पदाधिकारियों पर कार्रवाई करते हुए अस्पतालयों में भर्ती मरीजों की समुचित चिकित्सा सुनिश्चित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

शुरू करना

* 109. श्री अशोक कुमार—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के वारिसनगर विधान–सभा क्षेत्रान्तर्गत नागरबस्ती अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र वर्ष 1993 से बंद पड़ा है तथा भटौरा अतिरिक्त प्रा0स्वा0 केन्द्र वर्ष 1986 में शुरू होना था जो अबतक शुरू नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

चिकित्सा पदाधिकारी का पदस्थापन

* 110. श्री विनोद प्रसाद यादव—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिले के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सेवईचक, महकार डोभी में चिकित्सा पदाधिकारी का पद विगत तीन वर्षों से रिक्त है, तथा इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग एवं सिविल सर्जन, गया को दूरभाष एवं पत्र द्वारा सूचित किया गया है, यदि हाँ, तो उक्त पदस्थापन हेतु सरकार की क्या कार्य योजना है ?

---

पदस्थापन करना

* 111. श्री अख्तरूल इस्लाम शाहिन—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सदर अस्पताल, समस्तीपुर में महिला रोगियों हेतु विशेषज्ञ डॉक्टर नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार महिला रोग विशेषज्ञ चिकित्सक का पदस्थापन का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का निर्माण

* 112. श्री विनय कुमार सिंह—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत सोनपुर प्रखंड के ग्राम गोविन्दचक के ग्रामीणों ने स्वीकृत स्वास्थ्य उप–केन्द्र के भवन निर्माण के लिए सरकार को (स्वास्थ्य भवन हेतु) जमीन रजिस्ट्री कर दिया है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त रजिस्ट्री भूमि पर स्वास्थ्य उप–केन्द्र भवन निर्माण करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का निर्माण

* 113. श्री हरिनारायण सिंह—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत चंडी प्रखंड के ग्राम पंचायत, महकार के ग्राम महकार में जिला चयन समिति द्वारा वर्ष 2006–07 में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का चयन किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त केन्द्र के संचालन हेतु चिकित्सक एवं अन्य कर्मचारी का पदस्थापन भी हो चुका है;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त केन्द्र के भवन निर्माण हेतु अपनी जमीन है, परन्तु भवन का निर्माण नहीं किया गया है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त केन्द्र के लिए भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पावर सब–स्टेशन चालू कराना

* 114. श्री श्रवण कुमार—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के बिहारशरीफ स्थित बिजवनपुर गाँव में विद्युत् पावर सब–स्टेशन वर्ष 2001 से अर्द्धनिर्मित है;

(2) क्या यह बात सही है कि पावर सब–स्टेशन चालू नहीं रहने के कारण स्थानीय लोगों को पर्याप्त विद्युत आपूर्ति नहीं हो पाती है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार विद्युत पावर सब–स्टेशन को पूर्ण कराकर चालू कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक ?

शिफ्ट कराना

* 115. श्री जितेन्द्र कुमार—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला अन्तर्गत अस्थावां प्रखंड के ओईयाव एवं अमावाँ में अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना वर्ष 2005 में सरकार द्वारा किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों स्वास्थ्य केन्द्र भवनों का निर्माण कार्य वर्ष 2007–08 में ही पूरा हो चुका है, परन्तु आजतक उक्त स्वास्थ्य केन्द्र के बने भवनों में कार्य शिफ्ट नहीं किया गया है जबकि अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र का कार्य निजी किराये के भवनों में चलाये जा रहे हैं, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

---

ट्रॉंसफॉर्मरों को बदलना

* 116. श्री राम नरेश यादव—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के परिहार प्रखण्ड के परवाहा बाजार, मसहा, भवानीपुर, परिहार प्रखण्ड मुख्यालय के सामने तथा सोनवरसा प्रखण्ड के सोनवरसा हाई स्कूल के सामने जानकी नगर, जय नगर गाँव,में ट्रॉंसफॉर्मर जला हुआ है ;

(2) यदि उपरोक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार ट्रॉंसफॉर्मरों को बदलने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पदस्थापित करना

* 117. श्री राम नरेश प्रसाद यादव—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के परिहार प्रखण्ड के पी0एच0सी0, परिहार में चिकित्सकों के आठ पद स्वीकृत हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि परिहार पी0एच0सी0 में मात्र तीन चिकित्सक कार्यरत हैं;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार परिहार पी0एच0सी0 में रिक्त पदों पर चिकित्सक पदस्थापित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्युत आपूर्ति करना

* 118. श्रीमती सुनीता सिंह—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के बेलसंड प्रखण्ड अन्तर्गत गाँव सौली एवं तिरिसिया में राजीव गाँधी विद्युतीकरण योजना के तहत 3 वर्ष पूर्व विद्युतीकरण का काम शुरू हुआ था जो अधूरा है, यदि हाँ, तो इसे पूरा कर सरकार उक्त गाँवों में कबतक विद्युत आपूर्ति कराने का विचार रखती है ?

---

विद्युतीकरण कराना

* 119. श्री विनय कुमार सिंह—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत सोनपुर प्रखण्ड के शिकारपुर पंचायत के ग्राम शिकारपुर एवं अकिलपुर का विद्युतीकरण नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो क्या सरकार गाँवों का विद्युतीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

विद्युत तार बदलना

* 120. श्री कृष्णनन्दन पासवान—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के हरसिद्धि प्रखण्ड अन्तर्गत पठानपट्टी से मेहता टोला तक एवं तुरकौलिया प्रखण्ड अन्तर्गत मोतिहारी ग्रिड से सुगौली फीडर तक भाया चैलाहा विद्युत तार विगत 5 वर्षों से जर्जर है जिस कारण विगत 6 महीने में जर्जर तार गिरने से 2 व्यक्तियों की मृत्यु भी हो गयी है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थानों के विद्युत तार को जनहित में बदलना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

अस्पताल चालू कराना

* 121. श्री कन्हैया कुमार—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिला के रजौली अनुमंडलीय अस्पताल वर्ष 2006 से निर्माणाधीन है;

(2) क्या यह बात सही है कि अनुमंडलीय अस्पताल नहीं बनने के कारण स्थानीय नागरिकों को समुचित इलाज कराने हेतु 30 कि0मी0 दूर जिला मुख्यालय जाना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त निर्माणाधीन अस्पताल को इसी वित्तीय वर्ष में पूरा कराकर सुचारू रूप से चलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

उपलब्ध कराना

* 122. श्री आनन्दी प्रसाद यादव—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के सदर अस्पताल से लेकर सारे प्राथमिक स्वा0 केन्द्र, रेफरल अस्पतालों में कालाजार की दवा/सूई उपलब्ध नही रहने के कारण कालाजार से प्रभावित रोगियों का इलाज नहीं हो पा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त अस्पतालों में कालाजार की दवा/सूई उपलब्ध कराने हेतु कौन–सी कार्रवाई कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पूर्ण कराना

* 123. श्री तारकिशोर प्रसाद—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला में हसनगंज प्रखंड सहित आठ प्रखंडों में राजीव गाँधी विद्युतीकरण योजना अन्तर्गत पावर सब–स्टेशन का निर्माण होना है, जिसकी स्वीकृति वर्ष 2006 में दी गयी है;

(2) क्या यह बात सही है कि आजतक एक भी पावर सब–स्टेशन का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया है, न ही कार्य एजेंसी द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में विद्युतीकरण कार्य किया जा रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त योजना अन्तर्गत पावर सब–स्टेशन के निर्माण के साथ–साथ ग्रामीण विद्युतीकरण कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

ट्रांसफॉर्मर लगाना

* 124. श्री राम प्रवेश राय—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार द्वारा पिछले वित्तीय वर्ष में ही यह निर्णय लिया गया था कि राज्य में 16 एवं 25 के०वी०ए० के सभी जले हुए ट्रांसफॉर्मरों को अगले वित्तीय वर्ष में बदल कर 63 एवं 100 के०वी०ए० का ट्रांसफॉर्मर लगा दिया जाएगा ;

(2) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिले के माँझा एवं बरौली प्रखंडों में 16 और 25 के०वी०ए० का एक भी जला हुआ ट्रांसफॉर्मर बदलकर 63 एवं 100 के०वी०ए० का ट्रांसफॉर्मर नहीं लगाया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार माँझा और बरौली प्रखंडों के जले हुए सभी 16 और 25 के०वी०ए० ट्रांसफॉर्मर के स्थान पर 63 और 100 के०वी०ए० का ट्रांसफॉर्मर लगाने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

अवस्थित करना

* 125. डॉ० अब्दुल गफूर—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रखंड मुख्यालय में अवस्थित होने का सरकारी प्रावधान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला अन्तर्गत सत्तर कटैया प्रखंड मुख्यालय में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना हेतु वर्ष 2002 में सरकार द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है, फिर भी स्वा० केन्द्र दूसरे स्थान पर संचालित किया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को प्रखंड मुख्यालय में अवस्थित कराना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

ट्रांसफॉर्मर बदलना

* 126. श्रीमती रंजू गीता—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बाजपट्टी प्रखंड के मछवन बसही पश्चिमी पंचायत के ग्राम बसडा, रतवारा पंचायत के ग्राम भल्ली, बाजपट्टी पंचायत के ग्राम बखरी, नानपुर पंचायत ग्राम–गौड़ी के गौड़ीचही चौक वार्ड नं० 10, वार्ड नं० 13, गेगुली गांव, कोमली पंचायत के खोमली पाठक टोल–II, नानपुर दक्षिणी पंचायत के राजकीय नलकूप के पास और बोखड़ा प्रखंड के गोढ़ौल में उच्चशक्ति वाले ट्रांसफॉर्मर तीन वर्षों से जला हुआ है, जिस कारण इन क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बंद है ;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार जनहित में वर्णित जगहों का ट्रांसफॉर्मर यथाशीघ्र बदलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

स्वा० केन्द्र बनाना

* 127. श्री प्रेमरंजन पटेल—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सरकार ने वर्ष 2007 में सभी प्रखंडों में 30 शैय्या वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बनाये जाने की घोषणा की है, यदि हां, तो क्या सरकार लखीसराय जिला के सुर्यगढ़ा एवं चानन प्रखंडों में 30 शैय्या वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

स्वास्थ्य केन्द्र बनाना

* 128. श्रीमती भागीरथी देवी—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दिनांक 08 मार्च, 2008 को तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री द्वारा प० चम्पारण के प्रखंड गौनाह के ग्राम–बेलसंडी, जमुनिया, दोमाठ, लक्ष्मीपुर तथा रामनगर प्रखंड के नौरंगिया दोन में अतिरिक्त प्रा० स्वा० केन्द्र बनाने की शिलान्यास किया गया था तो क्या सरकार उक्त स्थान पर अति० प्रा० स्वा० केन्द्र बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

तार को बदलना

*129. श्री अशोक कुमार सिंह—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के मदनपुर प्रखंड अन्तर्गत उचौली पावर सब–स्टेशन से बलीगाँव, भदवा होते कजपा तक 7 कि०मी०, 11 हजार बिजली तार की स्थिति अति जर्जर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि तार जर्जर होने के कारण बराबर तार टूट जाता है तथा बिजली आपूर्ति में बाधा उत्पन्न होती है ;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त तार को बदलने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

स्थापित करना

*130. श्री शशि भूषण हजारी—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला के महिषी प्रखण्ड अन्तर्गत पश्चिमी कोशी तटबंध से पश्चिम स्थित दस हजार की आबादी वाले गंडौल में एक अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना करने का प्रस्ताव विभाग में विगत चार वर्षों से लम्बित है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

---

बिजली उपलब्ध कराना

*131. श्री कृष्णनन्दन यादव—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के अतरी विधान–सभा क्षेत्र में एक इंजीनियरिंग कॉलेज एवं नवोदय स्कूल स्थापित है, परन्तु बिजली 24 घंटा में लगभग 2–3 घंटा ही रहती है जिसके कारण पढ़ाई पर बुरा असर पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार 24 घंटा बिजली उक्त शिक्षण संस्थान में उपलब्ध कराना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण कराना

*132. श्री (मो०) अफाक आलम—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिला के कटवा प्रखण्ड के बोजगाव पंचायत के गिरदा उप–स्वास्थ्य केन्द्र का भवन पाँच वर्षों से जर्जर है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त उप–स्वास्थ्य केन्द्र का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है ?

---

लक्ष्मीकान्त झा,<br>प्रभारी सचिव,<br>बिहार विधान–सभा ।

पटना :<br>दिनांक 03 अगस्त, 2012 (ई०) ।

बि०स०मु० (एल०ए०), 97 डी०टी०पी० 450